संख्या ए-12023/04/2013-प्रशा.IV (खंड.II)

भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

5वां तल, 'ए' विंग, शास्त्री भवन,
डा. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक : 17 मई, 2017

सेवा में,

1. सभी उच्च न्यायालयों के महारजिस्ट्रार।
2. भारत सरकार के सचिव, भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
3. सभी राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव।
4. कारपोरेट कार्य मंत्रालय में सभी प्रादेशिक निदेशक/कंपनी रजिस्ट्रार/शासकीय समापक।
5. रजिस्ट्रार, राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण।
6. सचिव, राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण।
7. रजिस्ट्रार, प्रतिस्पर्धा अपीलीय अधिकरण।

विषय : राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) में तकनीकी सदस्य के 02 (दो) पदों को भरना- आवेदन पत्र आमंत्रित करने के लिए

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मंत्रालय के दिनांक 12 जनवरी, 2017 के समसंख्यक परिपत्र के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भरे जाने वाले पदों की संख्या बढ़ाकर 02 (दो) कर दी गई है और आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 23 फरवरी, 2017 से बढ़ाकर 12 जून, 2017 कर दी गई है।

2. जिन उम्मीदवारों ने दिनांक 12.01.2017 के समसंख्यक रिक्ति परिपत्र के उत्तर में पहले से ही अंतिम तारीख के भीतर आवेदन कर दिया है और साथ ही जिन्होंने अंतराल अवधि के भीतर आवेदन कर दिया है, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। ऊपर उल्लिखित परिपत्र में उल्लिखित अन्य निबंधन एवं पात्रता शर्तें, समान रहेंगी।

3. दिनांक 12.01.2017 के रिक्ति द्वारा पूर्व में परिचालित आवेदन प्रारूप विधिवत रूप से पूर्ण कर श्री नवनीत चौहान, निदेशक, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, कमरा संख्या 530, 'ए' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 को 12 जून, 2017 तक मिल जाने चाहिए। आवेदन पत्र, पात्रता शर्तें, अपेक्षित अर्हता और अन्य विवरण मंत्रालय की वेबसाइट www.mca.gov.in तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट www.persmin.nic.in से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

भवदीय,

राकेश

(राकेश कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार,
दूरभाष-2338 7939

प्रतिलिपि :

1. कारपोरेट कार्य मंत्रालय के मुख्यालय के सभी अधिकारी नई दिल्ली।
2. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को इस अनुरोध के साथ कि यह रिक्ति परिपत्र कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें।
3. ई-गवर्नेंस कारपोरेट कार्य मंत्रालय को अनुरोध है कि मंत्रालय की वेबसाइट पर 'रिक्ति परिपत्र' अपलोड करें।